<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर साधा निशाना, कहा–निहित स्वार्थ के लिए देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है पाकिस्तान।
- आतंक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को प्रधानमंत्री ने फिर से सराहा, ऑपरेशन सिंदूर को बताया देशवासियों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ और संतकबीरनगर में विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास, आज गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह में होंगे शामिल।
- आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा आईपीएल दो हजार पचीस का आखिरी और सत्तरवां लीग मुकाबला।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत लोगों को जोड़ने वाले पर्यटन को और पाकिस्तान आतंकी पर्यटन को बढ़ावा देता है। गुजरात के भुज में एक जनसभा में श्री मोदी ने पाकिस्तान पर निहित स्वार्थ के लिए देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है।

***15 दिन तक हम इंतजार किया कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कोई कदम उठाएगा। लेकिन शायद आतंकवाद ही उनकी रोजी–रोटी है, जब उन्होंने कुछ नहीं किया। फिर हमने देश की सेना को खुली छूट दे दी। भारत के टारगेट पर आतंकवादियों के हेडक्वार्टर थे। यह दिखाता है कि हमारी सेना कितनी सक्षम और कितनी अनुशासित है। हमने दुनियां को दिखाया कि हम आतंकवाद के अड्डों को उनके ठिकानों को यहां बैठे–बैठे मिट्टी में मिला सकते हैं।***

गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारतवासियों के मूल्यों और भावनाओं की एक अभिव्यक्ति है। उन्होंने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए जरूरी है कि हर चीज देश में निर्मित हो।

**********

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विश्व नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल कांगो की विदेश राज्य मंत्री थेरेसी काइकवाम्बा वैगनर से भेंट की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले की अध्यक्षता में एक अन्य शिष्टमंडल ने कतर के आंतरिक मामलों के राज्य मंत्री शेख अब्दुलअजीज बिन फैसल बिन मोहम्मद अल थानी से मुलाकात की। वहीं, जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने सियोल में दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली की राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष सुंग द्वितीय–जोंग से मुलाकात की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिएं। छब्बीस मई दो हजार चौदह को श्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। एक रिपोर्ट–

***विकास के प्रति समर्पण और देश के गरीब और आम लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव से जुड़े श्री मोदी के व्यापक अभियान ने उन्हें लोकप्रियता की बुलंदी पर पहुंचा दिया है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ उन्होंने देश में विकास आधारित राजनीति की नई इबारत लिखी है। बीते 11 वर्षों में जनता के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार, बुनियादी ढांचे की मजबूती अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण, रोजगार सृजन मजबूत सुरक्षा से लेकर विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद से श्री मोदी के नेतृत्व की नई छाप दिखती है। नीतिगत निष्क्रियता की विरासत को पीछे छोड़ते हुए भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब श्री मोदी के मजबूत नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीस मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे को लेकर कल प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशान्त कुमार ने तैयारियों का निरीक्षण किया। कानपुर नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवम प्रौद्योगिक विश्विद्यालय में चल रही तैयारियों के बारे में मुख्य सचिव और डीजीपी ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत में मुख्य

सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही प्रदेश की लगभग इक्कीस हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा परिषद के तहत संचालित प्रदेश के एक सौ उन्तालिस उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही तैंतालिस मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूलों और छाछठ अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों के दौरान ऑपरेशन कायाकल्प ने राज्य के बेसिक स्कूलों की तस्वीर बदल दी है।

***जिन बच्चों को आज प्रशिक्षित किया जा रहा है जिन बच्चों के भविष्य को सवारने का काम हो रहा है। यही बच्चे जीवन भर उन्हें स्मरण करेंगे। हमें अपने आप को इस रूप में बनाना है कि आप देश के भविष्य को गढ़ने का काम कर रहे हैं और ये बहुत ही जिम्मेदारी जो आपके ऊपर है। ईश्वर प्रदत्त जो ये आपके पास एक हथियार है। इसका इस्तेमाल राष्ट्र निर्माण के इस प्रवर्तमान कार्यक्रम के साथ जोड़िये।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल संतकबीर नगर जिले के तामेश्वरधाम में आयोजित समारोह के दौरान एक हजार पांच सौ पन्द्रह करोड़ रूपये की पांच सौ अट्ठाइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पर्यटन विकास, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाबा तामेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना से प्रभावित व्यापारियों के व्यवस्थित पुनर्वास पर विशेष ध्यान होना चाहिए।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री कल गोरखपुर पहुंचे। वह आज गोरखपुर के खाद कारखाना परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संबंधित कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां उनकी मौजूदगी में करीब एक हजार दो सौ जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे।

**********

मेरठ में एक माह तक चलने वाले प्रांतिकृत नौचंदी मेले की कल से शुरूआत हो गई। पशु धन मंत्री धर्मपाल सिंह ने माता की चौकी से ज्योति जला कर मेले का उद्घाटन किया। कौमी एकता के प्रतीक इस मेले में प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। मेले के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशु धन मंत्री ने कहा कि नौचंदी मेला मेरठ की शान है । इसे पूरी भव्यता के साथ महीने भर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मेरठ परिक्षेत्र के लोगों से अधिकाधिक संख्या में मेले में शामिल होने की अपील की।

**********

महारानी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजनों का सिलसिला जारी है। एक रिपोर्ट–

***जौनपुर के पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी और ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा शामिल हुए। गोरखपुर में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और अमरोहा में वन पर्यावरण राज्य मंत्री के.पी. मलिक के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। वाराणसी में भाजपा की ओर से महारानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी तरह लखीमपुर खीरी और हापुड़ सहित कई अन्य जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल दो हजार पचीस का आखिरी और सत्तरवां लीग मुकाबला आज लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में होगा। शाम साढ़े सात बजे से यह मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चौलेंस बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

**********

गोरखपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन अब प्रत्येक मंगलवार को गोमतीनगर स्टेशन तक ही चलेगी। वापसी में भी यह ट्रेन गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से ही रवाना होगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अनुरक्षण कार्य के कारण चार दिसम्बर दो हजार पचीस तक के लिए यह अस्थायी बदलाव किया गया है।

**********